Helpline **1064** **94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जिला भरतपुर में संतोष कुमार सचिव एवं मोहित कुमार बाबू डीपीएम कॉलेज में 15,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 27 मार्च, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी भरतपुर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए आरोपीगण श्री संतोष कुमार सचिव एवं श्री मोहित कुमार बाबू डीपीएम एसटीसी कॉलेज में 15,000/– **रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली की परिवादी की उपस्थिति कम दिखाकर उक्त उपस्थिति को पूर्ण करनें व स्कॉलरशिप दिलाने के एवज में 25,500/– रूपये रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है।

जिस पर एसीबी भरतपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में आज ट्रेप कार्यवाही करतें हुए आरोपीगण श्री संतोष कुमार सचिव एवं श्री मोहित कुमार बाबू डिपीएम एसटीसी कॉलेज में 15,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।